एक नजर में

## खडे ट्रक से टकराई बाइक, चालक की मौत

**मुलताई।** मुलताई खेडली बाजार रोड पर ग्राम महतपुर पंखा के पास सोमवार की रात 9 बजे पंचर खड़े ट्रक से एक बाइक टकरा गई, जिससे बाइक चालक की मौत हो गई |बताया जाता है ग्राम महतपुर पंखा के पास बरई घाट में आगे एक ट्रक पंचर खड़ा था। इस दौरान ग्राम लीलाझर निवासी ओमकार पिता रामचन्द्र देशमुख उम्र 59 वर्ष अपनी बेटी को उसके ससुराल बरई छोड़कर महतपुर होते हुए अपने गांव लीलाझर लौट रहे थे। जो कि सडक किनारे खड़े पंचर ट्रक से बाइक सहित टकरा गए, घटना में ओमकार देशमुख गंभीर रूप से घायल हो गए |जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उन्हें नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया,जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## अखाड़े के उस्ताद को शार्गिदों ने दी श्रद्धांजलि

**बैतूल।** जय हनुमान व्यायाम शाला गंज के उस्ताद विजय आर्य स्नेही का निधन विगत दिनों हो गया। अखाड़े में उनके शार्गिदों ने श्रद्धांजली सभा आयोजित कर उनको याद किया। इस अवसर पर विनोद बुंदेले और आशिक अली ने कहा कि श्री आर्य अखाड़े के पहलवानों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। रवि मिश्रा और पम्मा बिहारे ने श्री आर्य के निधन को व्यायाम शाला के अपूरणीय क्षति बताया। मनमोहन बुंदेले और पप्पू शर्मा ने बताया कि विजय आर्य स्नेही बहु प्रतिभा के धनी थे उनका साहित्य में भी योगदान था और वह एक शानदार कवि भी थे। सोमेश त्रिवेदी और गुडडु मिश्रा ने कहा कि वह व्यायामशाला के पहलवानों को अपने स्वयं के व्यय पर मिष्ठान, दूध, प्रमाण पत्र और मैडल आदि प्रदान कर प्रोत्साहित करते थे। इस अवसर पर सुनील सोनी, दीपक डहेरिया, सुभाष सोनी, विवेक पटेल,कैलाश पानकर, विजय सावनेर, विजय सोनकर ने दो मिनट का मौन रख कर अखाड़े के उस्ताद विजय आर्य स्नेही को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## विद्यार्थियों ने नशामुक्ति उपचार का लिया प्रशिक्षण

**बैतूल।** ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भारत भारती जामठी, बैतूल के द्वितीय वर्ष सत्र 2023-2024 के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अमृतसर के गौनसाबाद स्थित नवजीवन ड्रग काउंसलिंग एवं रिहेबिलिटेशन सेंटर का शैक्षणिक अवलोकन किया। यहां उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों का उपचार किस प्रकार चरणबद्ध तरीके से किया जाता है और रिहेबिलिटेशन की प्रक्रिया किस प्रकार संचालित होती है। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशे से जंग जीत चुके लोगों से चर्चा कर उनके अनुभव भी सुने, जिससे उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। यह शैक्षणिक भ्रमण अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल तथा प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. संदीप खाकरे एवं डॉ. अमित श्रीवास्तव विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

# प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक करें निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 17 फरवरी. बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं।**

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

**अधिकारियों को दिये समाधान के निर्देश**



जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम धाबला निवासी शांताबाई ने आवेदन के माध्यम से कॉलोनाइजर के विरुद्ध धोखाधड़ी और कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं नहीं दिए जाने की शिकायत की। आवेदिका की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुन कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। आमला तहसील के ग्राम अंबाड़ा निवासी देवीराम गिरधारी ने राजस्व रिकॉर्ड सुधार किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित आमला एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम बोथिया निवासी मैनी बाई ने आवेदन के माध्यम से भूमि पर जबरदस्ती कब्जा किए जाने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम पौनीगोला निवासी ग्रामीणों ने ग्राम में हनुमान मंदिर के सामने हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन दिया, वहीं मुलताई तहसील के ग्राम चिखली खुर्द निवासी कमलेश उबनारे ने तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश के बाद भी शासकीय भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य होने की शिकायत आवेदन के माध्यम से की।

### भूमि से अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम डंगरिया निवासी युगलेश मालविश की अवैध कब्जे सम्बन्धी शिकायत पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार आमला को कब्जा हटाने के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम अंबाड़ा निवासी देवीराम गिरधारी ने राजस्व रिकॉर्ड सुधार किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित आमला एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम बोथिया निवासी मैनी बाई ने आवेदन के माध्यम से भूमि पर जबरदस्ती कब्जा किए जाने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम पौनीगोला निवासी ग्रामीणों ने ग्राम में हनुमान मंदिर के सामने हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने की मांग

मुलताई तहसील के ग्राम सोनोरा निवासी सुनीता बचले ने जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम चिखली खुर्द निवासी कमलेश उबनारे ने तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश के बाद भी शासकीय भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य होने की शिकायत आवेदन के माध्यम से की। जिस पर कलेक्टर ने मुलताई तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। भीमपुर तहसील की ग्राम पंचायत डोक्या के ग्राम कास्या में ग्रामीणों ने गांव में कुआं तथा नल-जल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के ईई को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## 10वीं के 19145 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत मंगलवार को जिले में कक्षा 10वीं का अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 127 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 19666 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 19145 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 521 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 35 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को कक्षा 12वीं का रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यव अध्ययन, विज्ञान के तत्व कृषि, गृह प्रबंध विषय का प्रश्न पत्र 110 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगा।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड की बदबू से लोग परेशान, किया चक्काजाम

**बैतूल। शहर के गौठाना इलाके में ट्रेंचिंग ग्राउंड से उठ रही बदबू और दूषित पानी से लोग परेशान है। इसे लेकर लोगों ने मंगलवार कचरा फेंकने जा रहे वाहनों को रोककर चक्काजाम कर दिया है।**



लोगों ने ट्रेचिंग ग्राउंड जाने वाले रास्ते को बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सूचना मिलते ही एसडीएम, तहसीलदार, नपा सीएमओ और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाईश दी। लेकिन लोग यहां से ट्रेचिंग्र ग्राउंड हटाने पर अड़े रहे। जिसके बाद अधिकारियों ने 15 दिनों के अंदर उचित समाधान किये जाने का आश्वासन दिया। दरअसल नगरपालिका का ट्रेचिंग ग्राउंड रानीपुर रोड गौठाना में स्थित है। पहले यहां आसपास ज्यादा मकान नहीं थे, लेकिन अब आबादी बढने के साथ-साथ मकानों का भी निर्माण हो गया है। ऐसे में हवा चलने पर ट्रेचिंग ग्राउंड का कचरा उड़कर घरों तक पहुंच जाता है। रहवासी बताते है कि कचरे की दुर्गंध के कारण लोगों को सांस लेने में भी परेशानी आती है। कचरे के कारण मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ रहा है। लोगों को ट्रेचिंग्र ग्राउंड से उठने वाली दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। बता दे कि ट्रेचिंग ग्राउंड को यहां से अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए पहले भी, कई बार इसी तरह चक्काजाम कर चुके है, लेकिन अभी तक न तो ट्रेचिंग ग्राउंड से पूरी तरह कचरा हटाया जा सका है और न ही ट्रेचिंग्र ग्राउंड को शिफ्ट करने के लिए कोई ठोस प्लानिंग पर नगरपालिका ने काम किया है। ऐसे में वर्षो तक यह कचरा दबा होने और अब इसे हटाते ही तेज दुर्गंध उठ रही है। यहां तक कि कचरा हटाने के दौरान दुर्गंध को कम करने केमिकल्स भी नहीं डाला जा रहा है।

# बातों में उलझाकर मंगलसूत्र एवं टॉप्स ले गए ठग

**मुलताई। नगर में जामा मस्जिद के सामने एक अज्ञात ठग महिला एवं पुरुष द्वारा आजाद वार्ड निवासी एक महिला को बातो में उलझाकर उसका सोने का मंगलसूत्र एवं सोने के टाप्स ले जाने की घटना प्रकाश में आई है।**

**पीड़ित महिला ने थाने में दर्ज कराई शिकायत**

**पुलिस मामले की कर रही जांच**

पीडित महिला ने घटना कि लिखित रिपोर्ट थाने में की है।आजाद वार्ड निवासी महिला लीला बाई पति लखनलाल बचले ने थाने में दिए आवेदन में बताया सोमवार शाम करीब 6.30 बजे नगर में जामा मस्जिद के सामने दियावार मेडिकल स्टोर गई थी तथा दवाई लेकर मै वापस अंजुमन रोड से अपने घर जाने लगी तभी रास्ते में आरिफ टेलर की दुकान के पास एक अज्ञात व्यक्ति मेरे से घर के बारे में बात करने लगा,तभी एक अज्ञात महिला वहा पर पहुंची तथा मुझसे अगर बत्ती मांगने लगी तो मै फव्वारा चौक पर अगरबत्ती लेने के लिये आई तभी रास्तें में दियावार मेडिकल के पास खड़े रहे तथा वह महिला ने एक पर्स खोला तथा मेरे को फुकने लगाया तथा मेरे से घर की जानकारी ली और मेरे द्वारा बोला की मेरे पास पैसे नही है तथा जैवरात नही है तो वह महिला एवं आदमी ने बोला की तुम्हारे कान के टाप्स निकाल कर पर्स में रख दो तथा उक्त महिला ने मेरा मंगलसूत्र खोलकर रखा और कहा तुम 25 कदम श्रीराम श्रीराम करते हुये जाओ और पीछे मुडकर मत देखना तथा पर्स पर फुकने लगाया था। मै आगे बडी बाद में वापस देखा तो वह लोग मेरा सामान लेकर गायब हो गए। महिला ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 21 को सजेगी संगीत की महफिल 18 वर्षों से जारी है परंपरा

**बैतूल।** शब्द संस्था का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम आवाज के सितारे अब अपनी तैयारियों के अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 21 फरवरी शनिवार को रात 8 बजे से जेएच कॉलेज के मुक्त आकाश मंच पर आयोजित होने जा रही यह संगीत संध्या एक बार फिर पुराने और सदाबहार गीतों से श्रोताओं को भाव-विभोर करेगी। कार्यक्रम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्व.विजय खंडेलवाल की स्मृति में समाज सेवा एवं प्रतिभा सम्मान पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। शब्द संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक बचले एवं राजकुमार हिरानी ने बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति को समाज सेवा पुरस्कार तथा शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली शख्सियत को प्रतिभा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आवाज के सितारे कार्यक्रम बीते 18 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा है और बैतूल के सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। पुराने और सदाबहार गीतों से सजा यह कार्यक्रम हर वर्ष श्रोताओं द्वारा सराहा जाता रहा है। कलाकार इस बार भी पूरी मेहनत के साथ प्रस्तुति की तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि संगीत निशा पूरी तरह निशुल्क है।

# मांग पूरी नहीं हुई तो बलिदान देने को तैयार

**मुलताई।** कन्या कुमारी से जम्मू कश्मीर तक पदयात्रा कर रहे पंजाब के किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल अपने साथियो के साथ मंगलवार को मुलताई पहुंचे।एमएसपी की कानूनी गारंटी एवं किसानो की मांग को लेकर निकाली जा रही यह यात्रा 7 फरवरी को कन्या कुमारी से प्रारम्भ हुआ था। किसान नेता डल्लेवाल ने कहा की वे पहले भी 132 दिनों तक आमरण अनशन कर चुके हैं और अगर इस बार भी किसानों की मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अपने प्राणों का बलिदान देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने अमेरिका के साथ हुई व्यापारिक डील को



किसान विरोधी बताया, डल्लेवाल ने मुलताई गोलीकांड का जिक्र करते हुए कहा कि यह दुखद घटना कांग्रेस के शासनकाल में हुई थी। उन्होंने मुलताई में रुककर बस स्टैंड स्थित शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका संघर्ष किसानों के हक की लड़ाई में हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।यात्रा के मुलताई पहुंचने पर नरेंद्र गोस्वामी ने फूल बरसाकर स्वागत किया । इस मौके पर कांग्रेस नेता अरुण यादव और संजय यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान और नागरिक मौजूद रहे। जिन्होंने यात्रा को अपना समर्थन दिया।इस दौरान किसान नेता ने शहीदों को श्रद्धाजलि दी।

# सड़क हादसे में एचएमएस यूनियन नेता का निधन

**पाथाखेड़ा।** सारनी क्षेत्र के प्रमुख श्रमिक नेता एवं एचएमएस यूनियन (जीएम ऑफिस पाथाखेड़ा शाखा) के अध्यक्ष रवि बिहारे का सोमवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दुखद निधन हो गया। यह दर्दनाक दुर्घटना 16 फरवरी की रात लगभग 11 बजे नेशनल हाईवे पर राजीव तिगड्डा के समीप हुई, जिससे पूरे शहर में शोक और स्तब्धता का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रवि बिहारे अपने परिवार के सदस्यों को छोड़कर कार से अपने गृह निवास की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक और उनकी कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें गंभीर चोटें आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया तथा मामले को विवेचना में लिया है। रवि बिहारे श्रमिक हितों के लिए संघर्षशील और मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। उनके आकस्मिक निधन से मजदूर संगठनों, सहयोगियों और नगरवासियों में गहरा दुख व्याप्त है।

# विद्यार्थियों ने मोबाइल रिपेयरिंग करना सीखा

**शाहपुर।** शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण 14 जनवरी से 13 फरवरी तक संचालित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को मोबाइल रिपेयरिंग का व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विश्वबैंक परियोजना प्रभारी डॉ. नितेश पाल ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया। वर्तमान समय तकनीकी एवं प्रतिस्पर्धा का युग है, जिसमें पारंपरिक शिक्षा के साथ तकनीकी दक्षता एवं कौशल विकास अत्यंत आवश्यक हो गया है।

**30 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन**

**समापन पर प्रमाण-पत्र एवं शील्ड की वितरित**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं आधुनिक तकनीकों के इस दौर में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने, स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाते हैं। प्राचार्य नीतू जायसवाल माहौरे ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल संवर्धन एवं कैरियर निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं तथा उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने हेतु सक्षम बनाते हैं। प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर अजाबराव इवने ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोबाइल रिपेयरिंग का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना है।

# अशोक स्तंभ हटाने पर विवाद, विरोध के बाद कार्रवाई स्थगित

**बैतूल।** शहर के प्रमुख चौक पर मंगलवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब नगरपालिका की टीम ने पार्किंग निर्माण की तैयारी के तहत अशोक स्तंभ को जेसीबी से हटाना शुरू किया। स्तंभ को कचरा वाहन में ले जाते देख स्थानीय लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और कड़ी आपत्ति जताई। देखते ही देखते चौक पर भीड़ बढ़ गई और मुख्य मार्ग पर चक्काजाम की स्थिति बन गई। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं ने इसे राष्ट्रीय प्रतीक और शहर की ऐतिहासिक धरोहर का अपमान बताया। सूचना मिलने पर नगर प्रशासन हरकत में आया



और सीएमओ सतीश मटसेनिया, एसडीएम अभिजीत सिंह तथा तहसीलदार पूनम साहू मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने हालात को देखते हुए तत्काल कार्य रोकने के निर्देश दिए। जहां खुदाई की गई थी, वहां मिट्टी वापस भरवा दी गई। सीएमओ सतीश मटसेनिया ने बताया कि नगरपालिका परिषद द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण के बाद चौक पर मौजूद सभी स्मारकों और प्रतीकों को यथास्थान पुनः स्थापित किया जाएगा। वहीं एसडीएम अभिजीत सिंह ने कहा कि स्तंभ हटाने की कोई विधिवत सूचना प्रशासन को नहीं दी गई थी, इसी कारण कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाई गई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने इस कदम को जनभावनाओं के विरुद्ध बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। प्रशासन के आश्वासन और कार्रवाई रुकने के बाद धरना और चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस चौक का ऐतिहासिक महत्व है। स्वतंत्रता संग्राम के बाद यहां अशोक स्तंभ की स्थापना की गई थी।

ज्ञापन — कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# अवैध रूप से दुकानें सील करने का आरोप लगाते कांग्रेस ने जताया विरोध

**मुलताई।** नगर पालिका द्वारा बीते दिनों नगर के बस स्टेंड काम्प्लेक्स पर स्थित दुकानों को किराया हमारे नहीं करने पर सील कर दिया था। इस मामले में दुकानदारों द्वारा शिकायत करने पर ब्लॉक कांग्रेस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को कलेक्टर को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजीव कहार को सौपा है |ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय यादव, युवा नेता लोकेश यादव, प्रहलाद सिंह परमार, पिंटू ठाकरे, सहित दुकानदार पीडति दुकानदार तुषार उदासी,कृष्ण पंडाग्रे,मयंक पाठक,मिलिंद लाडुकर, संजय पवार,संदीप पवार,अभिषेक पवार,प्रियंकर जैन, हंसराज पवार,



प्रवीण पवार द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया बस स्टैंड स्थित दुकाने जिसका टैक्स दुकानदारों द्वारा प्रत्ति वित्तीय वर्ष 1 अप्रेल से 31 मार्च के बीच प्रतिवर्ष अधिरोपित किया जाता है। जिसे प्रतिवर्ष व्यापारी 31 मार्च तक कर जमा करते है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बीते दिनों अवैध रूप से कुछ दुकानदारों को बिना नोटिस जारी किए एवं बिना पूर्व सूचना दिये दबंगतापूर्वक दुकानें सील कर दी गई है। जो कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 164 एवं 166 का उल्लंघन है। नगर पालिका अधिनियम में यह प्रावधान है कि किसी दुकानदार से बकाया वसूली करने से पूर्व उसे नगर पालिका अधिनियम की धारा 164 के अंतर्गत बिल प्रदान किया जाना आवश्यक है एवं उसे उक्त राशि को जमा करने के लिये 15 दिनों का समय दिया जाना चाहिये था। इसी प्रकार मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 166 के अनुसार यदि धारा 164 में प्रदान की गई उक्त समयावधि में भुगतान नहीं किया जाता है तो नगर पालिका द्वारा दुकानदारों को एक मांग सूचना पत्र दिया जाना अनिवार्य है परंतु वर्तमान में नगर पालिका द्वारा राज्य सरकार द्वारा बनाये गए कानूनों का उल्लंघन करते हुए मनमाने तरीके से दुर्भावनावश किरायेदारों से वसूली की जा रही है। जिससे कि व्यापारियों को मानसिक एवं आर्थिक रूप से नुकसान हुआ है जिसके कारण एक व्यापारी स्वास्थ्य खराब हो गया। पिछले वित्तीय वर्ष 2025 में दुकानदारों द्वारा 31 मार्च 2025 तक का टैक्स जमा किया गया है. लेकिन इस वित्तीय वर्ष में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा तीन गुना वसूला जा रहा है, जो कि अवैध है एवं न्यायसंगत नहीं है |वहीं (टैक्स) की रसीदें दुकानदारों को आफलाईन लिखित दी जा रही है। जो कि नगर पालिका द्वारा 24 घंटे के भीतर करदाताओं को कर (टैक्स) की आनलाईन रसीदें दी जानी चाहिये थी जो दुकानदारों को नहीं दी गई एवं यह नगर पालिका की वसूली की पारदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

# फ्लड लाइट्स को रात्रि में चालू करने की मांग

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा क्षेत्र के युवाओं ने अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम स्थित फुटबॉल मैदान में लगी फ्लड लाइट्स को रात्रिकालीन अभ्यास हेतु चालू कराने की मांग की है।**

दर्जनों खिलाड़ियों ने नगर पालिका परिषद सारनी पहुँचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता रोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्तमान समय में शहर के युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी रुचि ले रहे हैं, परंतु मैदान में फ्लड लाइट्स स्थापित होने के बावजूद उन्हें रात में बंद रखा जाता है। दिन में स्कूल-कॉलेज और अन्य कार्यों के कारण अधिकांश खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पाते, जिससे




उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है और प्रतिभाएं उभरने से पहले ही हतोत्साहित हो रही हैं। खिलाड़ियों ने अधिकारियों को बताया कि यदि रात्रिकालीन अभ्यास की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो क्षेत्र से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने खिलाड़ियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र फ्लड लाइट्स चालू कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में रोहन सिंह ठाकुर, शिवा भारती, दानिश अंसारी, आदित्य भारती, विशाल शर्मा, शानू, करण, फरहान सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे। खिलाड़ियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासनिक पहल से पाथाखेड़ा में खेलों का वातावरण सशक्त होगा और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलेगी।